अपराध | ठेके पर पार्टनरशिप में खेती का कार्य कर रहा था मृतक

# अधेड़ की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**नवभारत,दमोह. देहात थाना क्षेत्र में आने वाली जबलपुर नाका चौकी के समीप महर्षि स्कूल के पीछे खेत में बुधवार सुबह 52 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है. जिसकी कुल्हाड़ी मारकर हत्या की गई है.हत्या करने वाले आरोपी अभी स्पष्ट नहीं है.मंगलवार रात मृतक के परिजन पवन यादव ने बताया कि मृतक मुकेश पिता राम प्रसाद यादव 52 का बेटा मोहित अपने पिता को देखने खेत पहुंचा था, जहां उसके पिता मुकेश यादव 52 अपने कुछ 5-6 पार्टनर के साथ खेत में लगे नीम के पेड़ के नीचे बैठकर हिसाब किताब कर रहे थे.**



रात में पिता घर नहीं पहुंचे, सुबह जब मैं उन्हें देखने के लिए खेत पहुंचा तो नीम के पेड़ के नीचे उनका शव खून से लतपत हालत में मिला.पास में एक कुल्हाड़ी मिली, एक हिसाब किताब का रजिस्टर और कुछ दस्तावेज पड़े थे. लगता है कि हिसाब के दौरान विवाद के बाद उन पार्टनर ने ही हत्या की है. मौके पर एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई देहात रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी सहित पुलिस पहुंची और जांच में जुटी हुई है.अब पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है.मृतक के परिजन पवन यादव ने बताया कि मृतक ने दमोह के टंडन परिवार की खेती की जमीन को कुछ साथियों के साथ मिलकर पार्टनरशिप में ठेके में



लिया था, जिसमें मक्का की खेती की थी. मंगलवार शाम मक्का की कटाई के बाद उसे बेचने के लिए भेजा गया था. तभी हिसाब किताब को लेकर विवाद हुआ होगा.क्योंकि हत्या के बाद भी पार्टनर यहां नहीं आए हैं.

### जानकारी के आधार पर कार्यवाही होगी

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया का कहना है परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं अभी स्पष्ट नहीं है की हत्या किसने की है. लेकिन जिन लोगों के बारे में परिजनों के द्वारा जानकारी दी जा रही है उसके आधार पर तहकीकात शुरू कर दी गई है, जो भी साक्ष्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी.

## बस व कार में भिडंत, एक की मौत, दो घायल

**नवभारत,हटा/दमोह.हटा थाना क्षेत्र में दमोह हटा मार्ग पर प्रेमपुरा के पास एक यात्री बस और अर्टिगा कार में भिडंत होनें पर हादसे में एक की मौत हो गई. वहीं दो अन्य गंभीर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया.जानकारी के अनुसार लुहारी से अर्टिगा गाड़ी क्रमांक एमपी 34 सीए 571 लुहारी से हटा की ओर आ रही थी.उसके आगे परिहार यात्री बस दमोह से हटा की ओर आ रही थी.तभी अर्टिगा कार बस के पीछे से भिडन्त हो गई.**जिसमें कार में सवार उमेष पटैल पिता तुलसी पटैल उम्र 29 निवासी लुहारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई व दो अन्य लोकेष पटैल उम्र 30 निवासी दमोह व मेवाराम पटैल पिता दयाराम 40 निवासी लुहारी घायल हो गए.जिनका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है.बस के पीछे हिस्से में टकराकर कार आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. जिसके चलते कार में आगे बैठे उमेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.




### सूने मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

नवभारत,हटा/दमोह.हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश मंदिर के बाजू से शिक्षक कॉलोनी में स्टेशनरी वाले चौबे के मकान में किराए से रह रहे समिति प्रबंधक के सूने मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे सामान जलकर खाक हो गया.






### हादसों को दे रहा न्योता

नवभारत,दमोह। शहर के नव जागृति स्कूल के पास हादसों को न्योता दे रहा यह गड्ढा, नहीं है किसी की कोई सुध।




### आदिवासी बाहुल्य घोघरा और कलकुआ में जनजातीय गौरव यात्रा के तहत कार्यक्रम की दी जानकारी

नवभारत,दमोह.आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जयंती आयोजन के क्रम में आज हटा ब्लाक की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत घोघरा से जनजातीय गौरव यात्रा की शुरुआत हुई, पंचायत भवन से स्कूली छात्र छात्राओं के साथ अमले ने यात्रा निकाली। इसी प्रकार कलकुआ गांव के हाई स्कूल परिसर में जनजातीय गौरव यात्रा कार्यक्रम तहत छात्र-छात्राओं ने गांव में रैली निकाली। स्कूल परिसर में हटा जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जननायकों, शहीदों की गौरव गाथा आदि की जानकारी दी और आयोजन का उद्देश्य बताया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चोरईया के सरपंच गोबन्दी आदिवासी, ग्राम पंचायत बछामा सरपंच प्रतिनिधि धन्नू आदिवासी, ग्राम पंचायत घोघरा सरपंच बबिता आत्मासिंह लोधी उपस्थित रहें।

### आरपी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत,दमोह. शासकीय आवास रिक्त करने के लिये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय आवास क्रमांक एच-5 में रह रहे उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के शिक्षक आरपी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षक आरपी सिंह ने अभी तक शासकीय आवास रिक्त नहीं किया जा रहा है, तत्संबंध में निरंतर शिकायत कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त हो रही है। इनके स्वयं के अथवा पत्नी के नाम दमोह जिला मुख्यालय में आवास होने की सूचना भी कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त हुई है। आरपी सिंह का उक्त कृत्य म.प्र.आवास आबंटन नियमों के प्रतिकूल है, आरपी सिंह तत्काल शासकीय आवास गृह क्रमांक एच-5 रिक्त किया जाकर उक्त आशय की सूचना तत्काल कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## घटयात्रा, ध्वजारोहण, पात्र चयन के साथ विधान का शुभारंभ

नवभारत,पथरिया.नगर में आयोजित श्री शिद्धचक्र महामंडल विधान का आज शुभारंभ हुआ.जिसमें ध्वजारोहण घटयात्रा के साथ पात्र चयन एवम विधान के अर्घ्य चढ़ाए गए इस विधान में सौधर्मेन्द्र बनने का सौभाग्य केतन-सपना दिल्ली कुबेर बनने का अवसर कविश-प्रियंका सिंघई पथरिया श्रीपाल मैना बनने का सौभाग्य कपिल-नीलम संगम स्टोर महायज्ञनायक कपूरचंद-सुधा जेरठ वालों को प्राप्त हुआ विधान अन्य 18 पात्रों का चयन किया गया. तत्पश्चात प्रथम दिन के अर्घ्य चढ़ाए गए पुण्यार्जक परिवार के अलावा समस्त सकल समाज



के लोग भक्तिमय पूजन अभिषेक विधान में सम्मलित हुए कार्यक्रम में दिल्ली, दमोह, सागर, बीना, कटनी,पटेरा, बाकल, टीकमगढ़ आदि स्थानों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

### एक नजर में

#### नरसिंहगढ़ निवासी रवि को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र



नवभारत,दमोह. नरसिंहगढ़ के लाल को सीएम मोहन यादव द्वारा दिया गया नियुक्ति पत्र। आपको बता दें नरसिंहगढ़ के निवासी रवि सरवैया जो कि निजी स्कूल संचालक तीरथ मासाब के छोटे सुपुत्र है जिनका चयन बीते वर्ष वन विभाग के रेंजर पर हुआ था जिनकी बीते वर्ष से महाराष्ट्र में ट्रेनिंग भी चल रही है जिनको भोपाल में सीएम मोहन यादव द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। दमोह वासियों के लिए ये गौरव का पल है। हमारी तरफसे रवि भाई को अनंत शुभकामनए.



#### कलेक्टर ने बैठक में दिये अह्म दिशा निर्देश

नवभारत,दमोह.जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए सभी डॉक्टर व स्टाफसंकल्पित हैं.इसी उद्देश्य को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बुधवार को जिला चिकित्सालय में पहुंचकर डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टॉप की बैठक ली.बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रीता चटर्जी सहित डॉक्टर्स व स्टॉप मौजूद थे. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 17 अक्टूबर को उन्होंने जिला अस्पताल का भ्रमण किया था, जिसके दौरान कई बिंदु तय किए गए थे कि अस्पताल में क्या-क्या सुधार कार्य किए जाने हैं.इसके बाद दमोह विधायक जयंत मलैया ने भी अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए थे. उन्हीं निर्देशों के पालन की समीक्षा हेतु जिला अस्पताल में सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफव सिविल सर्जन के साथ बैठक की.

## मेले के छठवें दिन प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया




**नवभारत,दमोह.उद्यमिता समागम का सफल आयोजन, स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के अंतर्गत आयोजित स्वदेशी मेला में भारत के राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन नेता भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म जयंती के उपलक्ष में उद्यमिता समागम कार्यक्रम का आयोजन मेला प्रांगण में किया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर करना है.**
इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के उद्यमी महिला, पुरुषों की उपस्थिति रही. मुख्य अतिथि के रूप में उद्यमिता प्रमुख पीएम तिवारी महिला उद्यमी डेलू छाबड़ा मिसेज इंडिया स्पेसिफिक्र एवर्लासिंटग ब्यूटी व मेला प्रमुख बृजेंद्र राठौर व मेला संयोजिका डॉ सोनल राय की उपस्थिति रही. समागम में विभिन्न क्षेत्रों की उद्यमी महिलाएं ब्यूटी पार्लर, सिलाई, बैग मेकिंग, बेकरी, स्कूल संचालिका, फुटवियर, कपड़े, ऑनलाइन सर्विस उद्यमिता, परंपरागत व्यापारी उद्यमियों ने अपने किए नवाचार, उद्यमिता पर अपना अनुभव व कैसे वो अपने अपने कार्य में आज सभी के बीच रखा, समागम में आगंतुक सभी उद्यमीयौ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.मंच संचालन जुगल अग्रवाल व आभार रश्मि वर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया.

### स्वदेशी मेला में शामिल हुए राज्यमंत्री

स्वर्णिम भारत फाऊंडेशन स्वदेशी मेला उद्यमिता समागम सफल कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने छठवें दिन मेले में पहुंचकर सहयोगिता निभाई.मंगलवार शाम को भगवान श्री राम जी की आरती कर चल रहे मेले में संस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए. साथी मेले में आनंद लेकर स्वदेशी मेला के संयोजक, सहसंयोजक और पूरी टीम को बधाई, शुभकामनाएं दी.




### मेले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष प्रियंक हुए शामिल



दमोह.शहर के तहसील ग्राउंड में 6 से 16 सितंबर तक स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन और स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले आयोजित किया जा रहे स्वदेशी मेला 2025 के पंचम दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया.भारतीय संस्कृति और परिवेश को ध्यान में रखकर की जा रही मंचीय प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक कलाकारों की सराहना करता नजर आया.इसके पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की उपस्थिति में स्वदेशी मेला 2025 के मंच पर भारत माता के साथ स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत जी ठेंगड़े की जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर, उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला गया.इसके पूर्व पांचवें दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ भारत माता और दत्तोपंत जी ठेंगड़े के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर हुआ.

### बगदरी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

#### मनाया विधिक सेवा सप्ताह

**नवभारत,तेंदूखेंडा/दमोह.प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के संबोधन में ग्राम पंचायत बगदरी मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर विधिक सेवा सप्ताह मनाया गया.इस अवसर पर जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तेंदूखेड़ मनीष बागरी ग्राम पंचायत उप सरपंच तथा सचिव उपस्थित रहे.**
उपरोक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी बागरी का मुख्य संबोधन रहा उनके द्वारा बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के प्रवर्तन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है.यह अधिनियम सभी नागरिकों, विशेषकर वंचित व दुर्बल वर्गों को निशुल्क और निष्पक्ष न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 1995 में प्रभावी हुआ था.यह दिवस नागरिकों के कानूनी अधिकारों के




बारे में जागरूकता बढ़ाने, सभी के लिये न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और समाज के कमज़ोर वर्गों के लिये न्याय के सिद्धांत को बनाए रखने के लिये मनाया जाता है.आर्थिक और सामाजिक रूप से कमज़ोर वर्गों को निशुल्क कानूनी प्रतिनिधित्व, परामर्श तथा सहायता प्रदान करता है. इसके अलावा आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 13 दिसंबर 2025 के संबंध में जानकारी दी और बताया कि यह वर्ष की अंतिम लोक अदालत है. जिसमें तेंदूखेड़ा स्थापना अंतर्गत लंबित न्यायिक प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाना है. इसमें आपका सहयोग तथा इस ग्राम पंचायत का सहयोग अपेक्षित रहेगा. इसके अलावा किसी प्रकार की समस्या होने पर परामर्श हेतु विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने का परामर्श दिया.

लोगों में दहशत | वन विभाग और पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे, लगातार वन अमला वन्य जीव की निगरानी कर रहा है

# अरहर के खेत में छिपे तेंदुआ का हमला, एक ग्रामीण व ड्रोन ऑपरेटर घायल

**नवभारत,दमोह.वन्य जीव होने की सूचना पर दमोह और हटा से वन विभाग की टीमें बुधवार को फिर मौके पर पहुंची. खेतों में वन्य जीव की सर्चिंग जारी है.गौरतलब है कि पटेरा क्षेत्र में पिछले दो दिनों से तेंदुआ दिखाई देने की खबरें अलग-अलग जगह से आ रही है. लगातार वन अमला वन्य जीव की निगरानी कर रहा है.**
हालांकि अभी तक किसी भी वन्य जीव होने की अधिकृत पुष्टि या वन्यजीव के पद चिन्ह प्रमाण नहीं मिले, वहीं सर्चिंग के लिए ड्रोन कैमरे का उपयोग भी किया गया.अरहर के एक खेत में छिपे एक तेंदुआ को पकड़ने की कोशिश में वन विभाग की टीम और पुलिस बल पर उस वक्त जानलेवा हमला हुआ, जब वे ड्रोन



से खोजबीन के बाद खेत के अंदर जाने का प्रयास कर रहे थे. इस अचानक हुए हमले में दल के



सदस्य बाल-बाल बचे, लेकिन ड्रोन ऑपरेटर सेजल जैन को मामूली चोटें आई हैं. जिन्हें इलाज के लिए पटेरा अस्पताल ले जाया गया है.

### ड्रोन से नहीं मिली लोकेशन टपरे में छिपा था तेंदुआ

स्थानीय लोगों से तेंदुआ के देखे जाने की सूचना मिलने के बाद, वन विभाग के एसडीओ एमडी मानिकपुरी, वन रेंजर विक्रम चौधरी, हटा वन रेंजर ऋषि तिवारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू की. घनी अरहर की फसल के कारण, सबसे पहले तेंदुआ की सही लोकेशन पता करने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया.ड्रोन से खेत की सघनता से निगरानी की गई, लेकिन चीता कहीं भी नजर नहीं आया.इस पर, टीम को लगा कि तेंदूआ खेत के अंदर गहरे में छिपा होगा.

### वन्य जीव के हमले में 2 लोग घायल,तेंदुए के हमले की आशंका

पटेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सोजना-शिकारपुरा गांव के पास किसी हिंसक वन्य जीव ने दो लोगों पर हमला कर दिया.घायल छत्रपाल सिंह और भल्लू सिंह को इलाज के लिए पटेरा स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं वन विभाग के वनरक्षक राहुल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों को 1-1 हजार रुपए की नगद राशि दी. स्थानीय लोगो ने तेंदुए द्वारा हमला किये जाने की आशंका जताई है.

### अचानक हुआ हमला

ड्रोन से कोई सफलता न मिलने पर, वन विभाग के कर्मियों और पुलिस बल ने तेंदूआ को खोजने और पकड़ने के लिए अरहर के खेत में पैदल प्रवेश करने का निर्णय लिया.जैसे ही वे खेत की ओर बढ़े, उन्हें एक अप्रत्याशित खतरे का सामना करना पड़ा. तेंदूआ वास्तव में खेत के ठीक बाजू में बने एक टपरे (झोपड़ी) में छिपा हुआ था.लोगों को अपनी ओर आता देख, तेंदुआ ने अचानक उन पर हमला कर दिया.तेंदूआ की फुर्ती और अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई.पुलिसकर्मी और वन विभाग के कर्मचारी किसी तरह खुद को बचाने में कामयाब रहे और तेंदुआ को मौके से दूर धकेल दिया.

### ड्रोन ऑपरेटर सेजल घायल

हमले के दौरान, टीम के सदस्य और ड्रोन ऑपरेटर सेजल जैन को मामूली चोटें आई हैं. उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है. उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.



### हमले में एक और गंभीर घायल

नवभारत,दमोह। वन परिक्षेत्र दमोह के अंतर्गत पिपरिया ग्राम में आज सुबह से लगातार तेंदुए के हमले से घायलों की संख्या बढ़ती जा रही है. शाम को पुन: एक ग्रामीण को तेंदुए ने हमला कर दिया.जिसे इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में वन विभाग में दाखिल कराया है.जिसका उपचार जारी है,प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल धम्मन उम्र 37 वर्ष निवासी पिपरिया का इलाज जिला अस्पताल के सर्जिकल बोर्ड मेंजारी है.वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देश पर व एसडीओ एमडी मानिकपुरी व रेंजर विक्रम चौधरी, हटा ऋषि तिवारी के मार्गदर्शन स्टाफवनरक्षक भरत परोहा, कपिल राज, चौकीदार कमल सिंह ठाकुर, स्थाई कर्मी धांदू सिंह ने 1000 रूपये की तत्काल मदद दिलाई.साथ ही बेहतर उपचार करने में सहयोग किया.